हमें प्यार करो श्याम

हम जैसे दीनो पे भी,
उपकार करो श्याम,
हम आपके बच्चे हैं,
हमें प्यार करो श्याम,
हे जग रखवाले, हे खाटूवाले।।

दुनिया से सुने हैं चर्चे,
तेरे दरबार के,
होते हैं वारे न्यारे,
जो आता है हार के,
मेरे भी वारे न्यारे,
एक बार करो श्याम,
हम आपके बच्चे हैं,
हमें प्यार करो श्याम,
हे जग रखवाले, हे खाटूवाले।।

माना के मेरे भीतर,
अवगुण की भरी है खान,
विश्वास करो मैं छोडूंगा,
मोह माया और अभिमान,
मेरे भी सपने अब तो,
साकार करो श्याम,
हम आपके बच्चे हैं,
हमें प्यार करो श्याम,
हे जग रखवाले, हे खाटूवाले।।

सुलझाते हो उलझन,
भी मुश्किल करते हो हल,
सेवा भक्ति का वर दे दो,
जीवन हो जाए सफल,
मोहित की चाहत पूरी,
इक बार करो श्याम,
भक्तों की चाहत पूरी,
एक बार करो श्याम,
हम आपके बच्चे हैं,
हमें प्यार करो श्याम,
हम जैसे दीनो पे भी,
उपकार करो श्याम,
हम आपके बच्चे हैं,
हमें प्यार करो श्याम,
हे जग रखवाले, हे खाटूवाले,
हे जग रखवाले, हे खाटूवाले.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23727/title/hume-payar-karo-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |